भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
03.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 688 का उत्तर

मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष रेलगाड़ियाँ

688. श्री आनंद भदौरिया:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नवम्बर, 2025 माह के दौरान देश के विभिन्न भागों से बिहार के लिए चलाई गई विशेष रेलगाड़ियों की संख्या का ज़ोन-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि हरियाणा के करनाल जिले से मतदाताओं को बिहार पहुंचाने के लिए कुछ स्पेशल ट्रेनें चलाई गई थीं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): रेल परियोजनाएं राज्य की सीमाओं के आर-पार फैली हो सकती है, अतः परियोजनाओं के आवश्यकतानुसार विशेष गाडियों सहित गाड़ी सेवाएं शुरु की जाती हैं।

भारतीय रेल, नियमित गाड़ियों में उपलब्ध स्थानों से अधिक मांग को पूरा करने और त्यौहारों, छुट्टियों, धार्मिक आयोजनों आदि के दौरान स्पेशल रेलगाड़ी सेवाओं का परिचालन करती है। तदनुसार, दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ आदि पूजा के दौरान भारतीय रेल ने 01 अक्तूबर, 2025 से 30 नवंबर, 2025 के दौरान देश के विभिन्न भागों, जिसमें हरियाणा राज्य के स्टेशन भी शामिल हैं, से 12,300 से अधिक स्पेशल रेलगाड़ियां परिचालित की हैं।

*****